## इलेक्ट्रिक स्कूटर से बैटरी, मोटर और टायर चोरी

**खंडवा।** पदमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरगला में चोरों ने घर के सामने खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटर को निशाना बनाते हुए उसकी बैटरी, मोटर और पिछला टायर चोरी कर लिया। चोरी गई सामग्री की कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई गई है। फरियादी त्रिलोक पटेल ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## शादी समारोह से सोने-चांदी के जेवर चोरी

खंडवा। मूंदी थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक महिला के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि विवाह समारोह में रखे गए जेवर गायब होने के बाद जांच में संदेह के आधार पर कार्रवाई की गई है। आभूषणों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

## ओंकारेश्वर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु की बाइक चोरी

**खंडवा।** ओंकारेश्वर में दर्शन करने पहुंचे एक श्रद्धालु की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल मंदिर परिसर के बाहर से चोरी हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मांधाता थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।

## 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**खंडवा।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 20 क्वार्टर देशी प्लेन शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

## 40 क्वार्टर देशी शराब जब्त

**खंडवा।** कोतवाली पुलिस ने अलग कार्रवाई में एक आरोपी के कब्जे से 40 क्वार्टर देशी प्लेन शराब बरामद की। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## अवैध शराब बेचते युवक को दबोचा

**ओंकारेश्वर।** मांधाता पुलिस ने 12 क्वार्टर देशी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जब्त शराब की कीमत करीब 1200 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सात लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

**खंडवा।** नर्मदानगर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान के दौरान एक आरोपी के कब्जे से सात लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब बरामद की। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## दस लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**खंडवा।** नर्मदानगर थाना पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में दस लीटर हाथ भट्टी की महुआ शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## सट्टा लिखते युवक को रंगे हाथ पकड़ा

**खंडवा।** कोतवाली पुलिस ने सट्टा विरोधी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को लोगों से रुपए लेकर सट्टा पर्ची लिखते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से नकदी और सट्टा सामग्री बरामद हुई। उसके खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## पालतू कुत्ता छोड़कर हमला करने का आरोप

**खंडवा।** मोघट रोड थाना क्षेत्र में एक युवक पर पालतू कुत्ता छोड़कर हमला करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पैसों के विवाद में मारपीट

**खंडवा।** पंधाना थाना क्षेत्र में पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हिसाब-किताब को लेकर विवाद, मारपीट

**खंडवा।** पंधाना क्षेत्र में पैसों के हिसाब-किताब को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट की नौबत आ गई। शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## आवश्यक वस्तु अधिनियम के उल्लंघन पर कार्रवाई

**खंडवा।** पंधाना पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के उल्लंघन के मामले में आरोपी निखिल महाजन के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। संबंधित विभाग की रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## लापरवाही से वाहन चलाने पर मामला दर्ज

**खंडवा।** छैगांवमाखन थाना क्षेत्र में तेज एवं लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाने के कारण दुर्घटना होने पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ, जिसका उपचार जारी है।

## पुराने विवाद में मारपीट

**खंडवा।** जावर थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मोटरसाइकिल के सौदे को लेकर विवाद

**खंडवा।** पिपलोद थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल की खरीद-बिक्री के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान मारपीट और धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शराब के नशे में महिला से मारपीट

खंडवा। हरसूद थाना क्षेत्र में शराब के नशे में आरोपियों द्वारा महिला के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पुराने झगड़े की रंजिश में हमला

खंडवा। किल्लौद थाना क्षेत्र में पुराने विवाद की रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## विश्व युवा कौशल दिवस पर एमएलबी स्कूल में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**खंडवा।** पीएम श्री शासकीय कन्या महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। छात्राओं ने ब्यूटी एंड वेलनेस तथा हेल्थ केयर ट्रेड से जुड़े मॉडल और प्रायोगिक प्रदर्शन प्रस्तुत किए। अतिथियों ने कौशल आधारित शिक्षा को आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



# विशेष लोक अदालत की तैयारी संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न

**खण्डवा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 18 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के उद्देश्य से बुधवार को जिला न्यायालय, खंडवा में समीक्षा बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों को लंबित प्रकरणों में पक्षकारों से समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक मामलों को विशेष लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से निराकृत कराने के निर्देश दिए।



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव ने कहा कि विशेष लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को त्वरित, सुलभ एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का भार भी कम हो। बैठक में विशेष न्यायाधीश श्री उत्सव चतुर्वेदी, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय श्री योगराज उपाध्याय, जिला न्यायाधीश श्री अनिल चौधरी, अरविंद सिंह टेकाम, श्री आशीष प्रताप सिंह, श्री वीरेंद्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार श्री अरविंद सिंह, एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पीयूष भावे उपस्थित रहे। बैठक में तहसील सिविल न्यायालय हरसूद एवं पुनासा के न्यायिक अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

## आजीवन कारावास

**खंडवा।** अभियोजन अधिकारियों के समन्वय से खंडवा पुलिस ने पिछले 12 दिनों में 158 न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण कराया। हत्या के तीन मामलों में आरोपियों को आजीवन कारावास, जबकि महिला अपराध, एनडीपीएस और अन्य मामलों में भी कई आरोपियों को कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

## उर्वरक विक्रय में अनियमितता पर एफआईआर दर्ज

**खंडवा।** उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह दादौरिया ने रूस्तमपुर के उर्वरक विक्रेता मेसर्स प्रेरणा कृषि सेवा केन्द्र की जांच की। जांच में उर्वरक विक्रय एवं भण्डारण में अनियमितता पाए जाने पर उन्होंने पंधाना थाने में बुधवार देर रात उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है।

उप संचालक कृषि श्री नितेश यादव ने बताया कि बुधवार को रूस्तमपुर के उर्वरक विक्रेता मेसर्स प्रेरणा कृषि सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उर्वरक निरीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह दादौरिया ने पाया कि सम्बंधित फर्म द्वारा उर्वरक भण्डारण के मामले में उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 4, 5, 8 व 35 का उल्लंघन किया जा रहा है तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रेरणा कृषि सेवा केन्द्र द्वारा ई-टोकन सिस्टम सम्बंधी निर्देशों का पालन नहीं किया गया। पीओएस मशीन में यूरिया 1102 बैग की उपलब्धता प्रदर्शित हो रही थी, जबकि सम्बंधित प्रतिष्ठान में यूरिया का स्टॉक निरंक पाया गया। इससे प्रतीत होता है कि विक्रेता द्वारा अवैधानिक रूप से व्यापार किया गया।

## 30 जुलाई तक आयोजित होगा 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान

खण्डवा 16 जुलाई 2026, नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 से 30 जुलाई तक 'नशे से दूरी है जरूरी' आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड युवाओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देंगे। इस दौरान जागरूकता रैली, ड्रग अवेयरनेस रन की गतिविधियां होंगी। विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता के लिए रील्स निर्माण तथा उनका प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन आयोजित होंगे। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग ने बताया कि अभियान के दौरान चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा। अभियान के दौरान राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबर-14446 और मानस हेल्पलाइन नंबर-1933 का व्यापक प्रचार प्रसार कर इसके बारे में नागरिकों को जानकारी दी जाएगी। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर नशे के विरूद्ध शॉर्ट फिल्म्स का प्रदर्शन किया जाएगा। अभियान के दौरान नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी तथा सार्वजनिक स्थानों पर नशे के विरूद्ध मानव श्रंखला निर्मित की जाएगी। अभियान के दौरान सार्वजनिक वाहनों पर नशा मुक्ति सम्बंधी पोस्टर चस्पा किए जाएंगे।

## आरसेटी में प्लंबिंग एवं सेनेटरी वर्क का प्रशिक्षण आज से

**खण्डवा।** स्टार ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान, खण्डवा में जिले के 18 से 50 वर्ष आयु तक के ग्रामीण बेरोजगार युवकों के लिए 17 जुलाई शुक्रवार से प्लंबिंग एवं सेनेटरी वर्क का 6 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। आरसेटी के निदेशक ने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए जिले के इच्छुक उम्मीदवारों के पास आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज के 5 फोटो और अंक सूची, राशन कार्ड या मनरेगा का जॉब कार्ड होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए हरसूद नाका, एनवीडीए कॉलोनी, सिविल लाइन खण्डवा स्थित स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी कार्यालय में कार्यालयीन समय में कार्य दिवसों में या 9584363186 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, 220 लाभार्थियों ने लिया प्रशिक्षण

**बुरहानपुर।** भारत सरकार के सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ;एमएसएमईद्ध द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार 16 जुलाई को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा ट्रेनिंग सेंटरए लालबाग में किया गया । कार्यक्रम का आयोजन एमएसएमई डीएफओ इंदौर द्वारा तथा सह.आयोजन जिला प्रशासन बुरहानपुर के सहयोग से किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ । जागरूकता शिविर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 220 लाभार्थियों ने भाग लिया और विभागीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर दी गई जानकारी का लाभ प्राप्त किया । कार्यक्रम में दो विशेष तकनीकी सत्र आयोजित किए गए । पहला सत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर तथा दूसरा अकाउंट्स एवं वित्तीय प्रबंधन पर केंद्रित रहा । बुरहानपुर की सेबी से पंजीकृत कक्कड़ एनण् छाबडिया एसोसिएट्स के युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल छाबडिया ने प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीक, डिजिटल कार्यप्रणाली एवं लेखा.प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ज्योतिबाला राठौर ट्रेनिंग ऑफिसर, भोपाल थीं। विशेष अतिथियों में गौरव गोयल, अक्षय शर्मा, राजेश अल्वा, हरिश् शेन्द्र, मनीष गवाड़े, कमलेश काकड़े आदि थे।

## फसल का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**खण्डवा** कृषि विभाग ने किसान बंधुओं से अपील की है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अपनी अधिसूचित फसल का बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से पूर्व अवश्य करा लें। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने किसानों को फसल बीमा के सम्बंध में जानकारी देकर उन्हें फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित करने के लिए पटवारी हल्का स्तर पर शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। इन शिविरों में पटवारी के साथ साथ कृषि विभाग और बीमा कम्पनी के अधिकारी भी उपस्थित रहकर अऋणी एवं डिफॉल्टर किसानों को फसल का बीमा कराने की समझाइश देंगे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि इन शिविरों से एक दिन पूर्व गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को शिविर आयोजन की सूचना दी जाए।

## दादाजी धाम मंदिर निर्माण के लिए पहला संगमरमर का नक्काशीदार पिलर खंडवा पहुंचा

**खंडवा।** करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले श्री दादाजी धाम मंदिर के लिए पहला नक्काशीदार संगमरमर का पिलर खंडवा पहुंच गया। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन तनवे और कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलापूजन किया तथा मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया।



## महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष परांजपे का खंडवा दौरा, बुजुर्ग महिलाओं को बांटी 'मोदी छतरियां'



**खंडवा।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे के प्रथम खंडवा आगमन पर महिला कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। घंटाघर चौक पर उन्होंने 10 जरूरतमंद हस्तशिल्प बुजुर्ग महिला कारीगरों को 'मोदी छतरियां' भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, विधायक कंचन तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं महिला मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 'वॉइस ऑफ खंडवा' के ऑडिशन 22 व 23 जुलाई को

**खंडवा।** स्व. किशोर कुमार के जन्मोत्सव एवं खंडवा गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता 'वॉइस ऑफ खंडवा' के ऑडिशन 22 व 23 जुलाई को किशोर कुमार सभागृह में होंगे। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभागी तीन वर्गों में हिस्सा लेंगे। विजेताओं को ?31 हजार तक के पुरस्कार दिए जाएंगे, जबकि फाइनल 2 अगस्त को गौरीकुंज सभागार में आयोजित होगा।

## खंडवा पुलिस ने 34 स्कूल बसों की जांच, तीन पर कार्रवाई




**खंडवा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस ने शहर की 34 स्कूल बसों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान तीन बस चालकों के विरुद्ध यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। बसों की फिटनेस, बीमा, सीसीटीवी, जीपीएस, अग्निशमन यंत्र सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं भी जांची गईं।

## खंडवा में 8.43 करोड़ रुपये के 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन



**खंडवा।** मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के अंतर्गत विधायक विशेष निधि से 8.43 करोड़ रुपये लागत के 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन मंत्री डॉ. विजय शाह एवं प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किया। इनमें रामेश्वर कुंड, पदमकुंड, मुक्तिधाम, दादाजी मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण सहित सीसी रोड, टीनशेड और बगीचा निर्माण के कार्य शामिल हैं।

## सिंधी कवि नारायण श्याम की 105वीं जयंती पर 22 जुलाई को संगीत संध्या



**खंडवा।** साहित्यिक संस्था 'सिन्धु' द्वारा 22 जुलाई को भोपाल में सिंधी भाषा के मूर्धन्य कवि नारायण श्याम की 105वीं जयंती पर संगीतमय संध्या आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में साहित्यकार भगवान बाबाणी के नवीन कहानी संग्रह का विमोचन भी होगा तथा कई प्रसिद्ध कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।



## 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

**खंडवा।** जिलेभर में चल रहे 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के दूसरे दिन पुलिस ने स्कूलों और कॉलेजों में वीडियो, शॉर्ट फिल्म एवं पंपलेट के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम बताए। सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ भी दिलाई गई।

## भाजपा जिला कोर समिति की बैठक में संगठनात्मक विषयों पर मंथन



**खंडवा।** भाजपा जिला कोर समिति की बैठक प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के गठन तथा पार्टी की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सांसद, विधायक, महापौर और जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।



## इनरव्हील क्लब की फिटनेस कार्यशाला में योग और सौंदर्य के दिए टिप्स

**खंडवा।** इनरव्हील क्लब खंडवा की फिटनेस कार्यशाला के प्रथम दिन योग प्रशिक्षक आशा उपाध्याय ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। सौंदर्य विशेषज्ञ देवबाला शर्मा ने महिलाओं को प्राकृतिक एवं घरेलू उपायों से सौंदर्य निखारने के तरीके बताए। कार्यक्रम में मंडलाध्यक्ष आरती जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे तथा प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।